Roll No. ..................................

# DD–2641

## B. Sc./B. Sc. (Home Science)/B. Sc. B. Ed.
## (Part I) EXAMINATION, 2020

**(Foundation Course)**

Paper First

HINDI LANGUAGE

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

*Minimum Pass Marks : 26*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**इकाई—1**

1. (अ) अनुवाद की परिभाषा बताते हुए लक्ष्य भाषा एवं स्रोत भाषा में अंतर बताइए। 8

**अथवा**

अंग्रेजी के निम्नलिखित पदनामों के हिन्दी पदनाम लिखिए :

Court, Collector, Driver, Chairman, Advocate, Doctor, Minister

(ब) कथानक की दृष्टि से 'ईदगाह' कहानी की समीक्षा कीजिए। 7

**अथवा**

'ईदगाह' कहानी का उद्देश्य लिखिए।

**इकाई—2**

2. (अ) निम्नलिखित के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए : 8

(i) 'शत्रु मैदान में दौड़ खड़ा हुआ।' इस वाक्य को शुद्ध कीजिए।

(ii) 'गणेश' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(iii) 'अल्पायु' का विलोम शब्द लिखिए।

(iv) 'अमृत' शब्द के **दो** अर्थ लिखिए।

(v) 'अलि' और 'अली' का समश्रुत शब्द लिखिए।

(vi) जिसका पार न हो, इसके लिए एक शब्द लिखिए।

(vii) 'अंधे की लकड़ी' मुहावरे का अर्थ बताइए।

(viii) 'एक अनार सौ बीमार' लोकोक्ति का अर्थ बताइए।

(ब) भारतमाता की शोभा वृद्धि के लिए कवि ने किन-किन उपादानों का उपयोग किया है ? 7

**अथवा**

'भारत वन्दना' में भारतमाता की अंकित छवि के बारे में दस पंक्तियाँ लिखिए।

**इकाई—3**

3. (अ) देवनागरी लिपि के नामकरण के संबंध में विद्वानों ने क्या मत प्रकट किया है ? 8

**अथवा**

संक्षेपण से आप क्या समझते हैं ? इसके महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(ब) निम्नलिखित गद्यांश का सारांश लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए : 7

मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण तभी होता है जब उसकी स्वाभाविक प्रवृत्तियाँ एक लक्ष्य को दृष्टि में रखकर व्यवस्थित





की जाती हैं। एक पूर्णतया नैतिक आदर्श के नेतृत्व में जब हम अपनी इच्छाओं को नियन्त्रित करते हैं तभी चरित्र का निर्माण होता है। यह नियम या संयम किसी न किसी लक्ष्य की साधना में ही संभव है। न केवल यह कि लक्ष्य के बिना संयम का कुछ अर्थ ही नहीं, बल्कि यह भी सच है कि संयम की प्रेरणा भी लक्ष्य प्राप्ति की इच्छा बिना नहीं मिलती। माँझी को यदि नदी के किनारे पहुँचने की इच्छा न हो तो नौका को चलाने की प्रेरणा कौन देगा। जो लोग संसार की लहरों पर खेलना ही जिन्दगी समझते हैं, वे कभी संयमित जीवन नहीं बिताते। दूसरे तट पर पहुँचने की इच्छा वाले ही संयम से अपनी जीवननौका को निश्चित दिशा की ओर खेते हैं।

**अथवा**

'भोलाराम का जीव' व्यंग्य का सारांश लिखिए।

**इकाई—4**

4. (अ) कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी की परिकल्पित धारणा क्या है ? 8

**अथवा**

जन सामान्य के लिए कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी का महत्व प्रतिपादित कीजिए।

(ब) स्वामी विवेकानंद ने मैसूर के महाराजा को जो पत्र लिखा है, उसका सार लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 7

**अथवा**

भारत में शिक्षा प्रसार के लिए स्वामी विवेकानन्द क्या उपाय सुझाते हैं ? लिखिए।

## इकाई—5

5. (अ) मानक हिन्दी भाषा किसे कहते हैं ? इसके प्रमुख लक्षणों को लिखिए। 8

**अथवा**

मानक, अमानक, उपमानक भाषा क्या है ? उदाहरण सहित लिखिए।

(ब) प्राचीनकाल में भारत की सामाजिक स्थिति कैसी थी ? वर्णन कीजिए। 7

**अथवा**

आधुनिककाल में भारत की सामाजिक स्थिति का वर्णन कीजिए।